**दिनांक : 31 अगस्त, 2021**

# राष्ट्रीय दलों के फंडिंग के स्त्रोतों का विश्लेषण : वित्तीय वर्ष -2019-20

एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स

द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट

टी-95, दूसरा फ्लोर, सी.ऐल. हाउस, गौतम नगर

न्यू दिल्ली – 110 049

ईमेल: adr@adrindia.org; दूरभाष : 011-4165 4200

# राष्ट्रीय दलों के फंडिंग के स्त्रोतों का विश्लेषण : वित्तीय वर्ष -2019-20

## प्रस्तावना

लोकतंत्र में राजनीतिक दलों की जिम्मेदारी अहम होती है वे चुनाव लड़ते हैं और सरकार बनाकर नीतियों का गठन करके आम आदमी की समस्याओं का निदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं | राजनीतिक दलों को अपनी नीतियों और लक्ष्यों को जनता तक पहुचाने के लिए धन की आवश्यकता होती है | यह धन राजनीतिक दल कहा से एकत्रित करते हैं ?

चुनाव आयोग को दायर की गई दलों की ऑडिट और दान रिपोर्ट के विश्लेषण से साफ़ जाहिर है, कि काफी हद तक धन के स्त्रोत अज्ञात हैं | वर्तमान में, राजनीतिक दलों को चुनावी बांड (Electoral Bonds) द्वारा प्राप्त दान तथा रु 20,000 से कम की दान राशि के दान दाताओ का विवरण घोषित करना आवश्यक नहीं है | विश्लेषण के आधार पर दलों की **70%** से भी अधिक राशि अज्ञात स्त्रोतों से प्राप्त हुई है | जून 2013 में राष्ट्रीय दलों को सीआईसी के फैसले से आरटीआई के तहत लाया गया था लेकिन राष्ट्रीय दलों ने, दुर्भाग्यपूर्ण, इस निर्णय का पालन नही किया है | मौजूदा कानून के तहत दलों की धन राशि में पारदर्शिता संभव नही है, यह केवल आरटीआई से ही जनता को सारी जानकारी प्राप्त हो सकती है |

## एडीआर के अवलोकन


- वित्तीय वर्ष 2004-05 से 2019-20 के बीच, सभी राष्ट्रीय दलों ने अज्ञात स्त्रोतों से कुल मिलाकर **रु 14,651.23 करोड़** की आय एकत्र की है | (रिपोर्ट्स के लिंक नीचे दी गयी हैं )
- वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान, **बीजेपी** ने अज्ञात स्त्रोंतों से **रु 2642.63 करोड़** की आय घोषित की है जो सभी राष्ट्रीय दलों द्वारा घोषित अज्ञात राशि (रु 3377.41 करोड़ ) का **78.24%** है | **बीजेपी** द्वारा घोषित अज्ञात स्त्रोतों की कुल आय 6 राष्ट्रीय दलों (रु 734.78 करोड़ ) के कुल अज्ञात आय से **3.5 गुना** अधिक है |
- **कांग्रेस** ने अज्ञात स्त्रोतों से कुल **रु 526 करोड़** प्राप्त किया है जो सभी राष्ट्रीय दलों के कुल अज्ञात स्त्रोतों के आय का **15.57%** है |
- दलों द्वारा अज्ञात स्त्रोतों से एकत्रित कुल **रु 3377.41 करोड़** की आय में से **रु 2993.826 करोड़** यानिकि **88.643%** की आय **चुनावी बांड** से घोषित किया है |
- वित्तीय वर्ष 2004-05 से 2019-20 के बीच, **कांग्रेस** और **एनसीपी** ने कुल मिलाकर **रु 4096.725 करोड़** की आय **कूपन की बिक्री** से अर्जित की हैं |
- दान रिपोर्ट (रु 20,000 से अधिक के दान, वित्तीय वर्ष – 2019-20) के अनुसार, सभी राष्ट्रीय दलों को कुल मिलाकर नकद के माध्यम से **रु 3.18 लाख** की दान राशि मिली है |

## राष्ट्रीय राजनीतिक दलों की ज्ञात, अज्ञात और अन्य दूसरे ज्ञात स्त्रोंतों से आय

- राजनीतिक दलों को रु 20,000 से अधिक के दान देने वाले दान दाताओं का विवरण चुनाव आयोग को वार्षिक जमा करना आवश्यक है | दान रिपोर्ट में दलों को दान देने वाले दान दाता का नाम, पता, PAN, राशि, और भुगतान का माध्यम आदि जानकारी देनी होती है | यह दलों के आय का एकमात्र **ज्ञात स्त्रोत** है |

- **अज्ञात स्त्रोतों** की जानकारी दलों द्वारा घोषित आयकर विवरण से लिया जाता है | रु 20,000 से कम दान का विवरण ना ऑडिट रिपोर्ट में और ना ही दान रिपोर्ट में सार्वजानिक तौर पर उपलब्ध है | इन दानों को अज्ञात स्त्रोत माना जाता है |
- **अज्ञात स्त्रोतों** में - चुनावी बांड द्वारा प्राप्त दान, सेल ऑफ़ कूपन, रिलीफ फंड्स, मिसलेनियस आय, वोलंटरी कंट्रिब्यूशन्स, कंट्रिब्यूशन्स फ्रॉम मीटिंग/मोर्चा आदि हैं | ऐसे योगदान देने वाले दानदाताओं का ब्यौरा सार्वजनिक रूप से उपलब्ध नही है |
- राजनीतिक दलों के आय के **अन्य ज्ञात स्त्रोतों** में चल और अचल संपत्ति, पुराने अखबार, सदस्यता शुल्क, डेलिगेट फी, बैंक ब्याज, सेल ऑफ़ पब्लिकेशन्स और लेवी आदि विवरण की जानकारी दलों के बही खातों में किया होता है |
- इस रिपोर्ट में, सभी **7 राष्ट्रीय दलों** का विश्लेषण किया गया है जिनका आयकर विवरण और दान रिपोर्ट चुनाव आयोग की वेबसाइट में उपलब्ध है | ***बीएसपी पार्टी*** *ने अपने ऑडिट रिपोर्ट में घोषणा कि है की पार्टी को अज्ञात स्त्रोतों (स्वैच्छिक योगदान (रु 20,000 से ऊपर या कम), कूपन और चुनावी बांड्स आदि) से कुछ भी आय प्राप्त नहीं हुआ है* | **नेशनल पीपलस पार्टी** का ऑडिट रिपोर्ट चुनाव आयोग की वेबसाइट पर, रिपोर्ट तैयार करते समय तक उपलब्ध नहीं था इसलिए पार्टी के फंडिंग डेटा के स्त्रोतों का विश्लेषण नहीं किया गया है |
- वित्तीय वर्ष 2019-20 में **7 राष्ट्रीय दलों** की कुल आय **रु 4758.206 करोड़** थी |
- **ज्ञात स्त्रोत** से राष्ट्रीय दलों की कुल आय में से **21.31%** यानि **रु 1013.805 करोड़** की राशि प्राप्त हुई है |
- राष्ट्रीय दलों के कुल आय का **7.71%** यानि **रु 366.991 करोड़** की राशि **अन्य ज्ञात स्त्रोतों** (अचल संपत्ति, ओल्ड न्यूज़पेपर्स, सदस्यता शुल्क, डेलिगेट फी, बैंक ब्याज, सेल ऑफ़ पब्लिकेशन्स और लेवी आदि) से प्राप्त हुई |
- **अज्ञात स्त्रोतों** (आय का विवरण है लेकिन स्त्रोत का नहीं) से राष्ट्रीय राजनीतिक दलों को कुल आय का **70.98%** यानि **रु 3377.41 करोड़** की राशि प्राप्त हुई है |
- दलों द्वारा अज्ञात स्त्रोतों से एकत्रित कुल **रु 3377.41 करोड़** की आय में से **रु 2993.826 करोड़** यानिकि 88.643% की आय **चुनावी बॉन्ड** से घोषित किया है |

| **Sources of Income of National Parties for FY 2019-20** | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **National Political Parties** | **Income from Unknown Sources (as per IT Returns) **** | **Income from Known Sources (donations details declared to ECI)** | **Income from Other Known Sources*** | **Total Income** |
| | Rs 3377.41 cr | Rs 1013.805 cr | Rs 366.991 cr | Rs 4758.206 cr |
| **Percentage share** | 70.98% | 21.31% | 7.71% | 100.00% |





*अन्य ज्ञात आय में शामिल हैं : चल और अचल सम्पत्तियों की बिक्री, पुराने समाचार पत्र, सदस्यता शुल्क, प्रतिनिधि शुल्क, बैंक ब्याज, प्रकाशनों की बिक्री और लेवी
**अज्ञात स्त्रोतों से आय का विवरण **अनुबंध -1** में दिया गया है; पार्टी वॉर के स्त्रोत **अनुबंध- 2** में दिए गए हैं


## अज्ञात स्त्रोतों से राष्ट्रीय दलों की आय :

- 7 राष्ट्रीय दलों को अज्ञात स्त्रोतों से **रु 3377.41 करोड़** प्राप्त हुए जिसमें से **88.643%** (रु 2993.826 करोड़) का दान **चुनावी बॉन्ड** से मिला है |
- अज्ञात स्त्रोतों के माध्यम से **कांग्रेस**, **एनसीपी** और **सीपीएम** ने **5.747%** (रु 194.095 करोड़) की राशि **कूपन की बिक्री** से अर्जित की है जबकि सात राष्ट्रीय दलों ने **स्वैच्छिक योगदान** (रु 20,000 से कम) से **5.255%** (रु 177.483 करोड़ ) की राशि एकत्रित किये हैं |

| Unknown Sources, as per the income-expenditure statements of National Parties, FY 2019-20 (Rs in cr) | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **National Political Parties** | **Donations received from Electoral Bonds** | **By Collection from Sale of Coupons** | **Voluntary Contributions (below Rs 20,000)** | **Miscellaneous Income** | **Total Unknown Income** |
| | 2993.826 | 194.095 | 177.483 | 12.005 | Rs 3377.41 cr |
| **Percentage share** | 88.643% | 5.747% | 5.255% | 0.355% | 100.00% |




## Unknown sources of Income of National Parties, FY 2019-20 (in Rs Cr)



# एडीआर की सिफारिशें

- राजनीतिक दलों कि आय का अधिकतम प्रतिशत अज्ञात स्त्रोतों से आता है | पारदर्शिता के लिए दान दाताओं कि पूरी जानकारी, आम जनता को उपलब्ध होनी चाहिए | भूटान, नेपाल, जर्मनी, फ्रांस, इटली, ब्राजील, बल्गेरिया, अमेरिका तथा जापान जैसे देशों में ऐसा किया जाता है | इन में किसी भी देश में राजनीतिक दलों की आय स्त्रोत का **70% अज्ञात** रहना असम्भव है |
- आय के सभी स्त्रोतों की जानकारी जैसे सभी तरह के चंदा/दान (रु 20,000 से अधिक या कम), कूपन की बिक्री से आय, सदयस्ता शुल्क आदि आय के स्त्रोतों की जानकारी दलों को अपने ऑडिट रिपोर्ट के अनुसूचियों/ सलंगनों में घोषित करनी चाहिए |
- हाल ही में चुनाव आयोग ने यह सुझाव दिया है की केवल उन्ही दलों को कर में 100% छूट दी जानी चाहिये जो विधान सभा और लोक सभा चुनाव लडें और सीट जीतें | साथ ही साथ यह भी सुझाव दिया है की सभी राजनीतिक दलों को रु 2000 से अधिक दान देने वाले दानदाता की पूरी जानकारी सार्वजानिक रूप से उपलब्ध होनी चाहिये | राजनीतिक दलों के वित्त व्यवस्था में सुधारों के लिये चुनाव आयोग द्वारा लिए गए कदम को एडीआर पूर्ण समर्थन करता है |
- राजनीतिक दलों की धनराशि में पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ाने के लिए दलों द्वारा घोषित सारे वित्त संबंधी दस्तावेजों को CAG और चुनाव आयोग द्वारा स्वीकृत संस्था को वार्षिक रूप से जाँच करनी चाहिये |
- राजनीतिक दलों को सूचना का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत निरन्तर तौर पर जानकारी प्रदान करनी चाहिए | ऐसा करने से ही राजनीतिक दल, सूचना प्रक्रिया एवं लोकतंत्र सशक्त होगा | हालाँकि इस तरह की जानकारी, सूचना के कानून के तहत आये या नहीं पर राजनीतिक दलों को स्वेच्छा से प्रत्येक रूपये का हिसाब देना चाहिए जो उन्हें मिलता है या उनके द्वारा खर्च होता है |

# संदर्भ

राष्ट्रीय दलों के दान का अनुसंधान रिपोर्ट के लिए कृपया यहाँ क्लिक करें : http://adrindia.org/research-and-report/political-party-watch

**वित्तीय वर्ष 2004-05 से 2014-15** के बीच, राष्ट्रीय और क्षेत्रीय दलों के आय के स्रोत की रिपोर्ट : https://adrindia.org/content/analysis-sources-funding-national-and-regional-parties-fy-2004-05-2014-15

**वित्तीय वर्ष 2015-16** के दौरान राष्ट्रीय दलों के आय के स्त्रोत : https://adrindia.org/content/analysis-income-expenditure-bjp-inc-fy-2015-2016

**वित्तीय वर्ष 2016-17** के दौरान राष्ट्रीय दलों के आय के स्त्रोत : https://adrindia.org/content/analysis-donations-received-national-political-parties-%E2%80%93-fy-2016-17

**वित्तीय वर्ष 2017-18** के दौरान राष्ट्रीय दलों के आय के स्त्रोत: https://adrindia.org/content/analysis-sources-funding-national-parties-india-fy-2017-18-0

**वित्तीय वर्ष 2018-19** के दौरान राष्ट्रीय दलों के आय के स्त्रोत : https://adrindia.org/content/analysis-sources-funding-regional-parties-fy-2018-19

# अस्वीकरण

इस रिपोर्ट में डेटा का विश्लेषण वित्तीय वर्ष 2019-20 में राष्ट्रीय दलों द्वारा चुनाव आयोग को जमा किये गये दान रिपोर्ट और ऑडिट रिपोर्ट से बनाया है | रिपोर्ट बनाते समय डाटा की सत्यता का पूर्ण ध्यान रखा गया है | यदि रिपोर्ट में दी गयी जानकारी में प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से कोई त्रुटि पायी जाती है तो राजनीतिक दलों द्वारा जमा किये गए ऑडिट रिपोर्ट और दान रिपोर्ट को ही ठीक माना जायेगा | एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफार्म और उनके स्वंयसेवक जिम्मेदार नही होंगे | राष्ट्रीय दलों के दान दाताओं का पूर्ण विवरण के लिए कृपया क्लिक करें : http://myneta.info/party और https://eci.gov.in/candidate-political-parties/contribution-reports/contribution-reports/

# सम्पर्क करें

| | | | |
|---|---|---|---|
| Media and Journalist Helpline<br>+91 80103 94248<br>Email: adr@adrindia.org | Maj. Gen Anil Verma (Retd.)<br>Head<br>National Election Watch,<br>Association for Democratic Reforms<br>+91 11 4165 4200<br>+91 88264 79910<br>anilverma@adrindia.org | Prof Jagdeep Chhokar<br>IIM Ahmedabad (Retd.)<br>Founder Member<br>National Election Watch, Association for Democratic Reforms<br>+91 99996 20944<br>jchhokar@gmail.com | Prof Trilochan Sastry<br>IIM Bangalore<br>Founder Member,<br>National Election Watch,<br>Association for Democratic Reforms<br>+91 94483 53285<br>tsastry@gmail.com |

# अनुबंध – 1

## राष्ट्रीय दलों द्वारा घोषित अज्ञात स्त्रोतों से आय : वित्तीय वर्ष – 2019-20

| Unknown Sources of Income of National Parties during FY 2019-20 (Rs in cr) | | | | | Total Unknown Income |
|---|---|---|---|---|---|
| National Parties | Donations received from Electoral Bonds | By Collection from Sale of coupons | Voluntary Contributions (Below Rs 20,000) | Miscellaneous Income | |
| BJP | 2555.0001 | - | 87.005 | 0.6234 | Rs 2642.63 cr |
| INC | 317.861 | 192.4577 | 12.509 | 3.1744 | Rs 526.00 cr |
| CPM | 0 | 0.0062 | 73.324 | 7.988 | Rs 81.32 cr |
| AITC | 100.4646 | - | 0 | 0 | Rs 100.4646 cr |
| NCP | 20.50 | 1.6308 | 2.9165 | 0.0105 | Rs 25.058 cr |
| BSP | 0 | - | 0 | 0 | Rs 0 |
| CPI | 0 | - | 1.7283 | 0.2085 | Rs 1.937 cr |
| **Total** | **Rs 2993.826 cr** | **Rs 194.095 cr** | **Rs 177.483 cr** | **Rs 12.005 cr** | **Rs 3377.41 cr** |

# अनुबंध – 2

## राष्ट्रीय दलों द्वारा घोषित आय के स्त्रोत: वित्तीय वर्ष – 2019-20

| Sources of income of National Parties during FY 2019-20 (Rs in cr) | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| National Parties | Income from Known sources (donations details declared to ECI) | Income from Other known sources* | Income from Unknown Sources (as per Audit reports) | Total Income | Share of Unknown income |
| BJP | 785.77 | 194.88 | 2642.63 | Rs 3623.28 cr | 72.93% |
| INC | 139.016 | 17.19 | 526 | Rs 682.21 cr | 77.10% |
| CPM | 19.6935 | 57.61 | 81.32 | Rs 158.62 cr | 51.27% |
| AITC | 8.0835 | 35.13 | 100.4646 | Rs 143.676 cr | 69.92% |
| NCP | 59.946 | 0.579 | 25.058 | Rs 85.583 cr | 29.28% |
| BSP | 0 | 58.26 | 0 | Rs 58.256 cr | 0% |
| CPI | 1.296 | 3.35 | 1.937 | Rs 6.581 cr | 29.43% |
| **Total** | **Rs 1013.805 cr** | **Rs 366.991 cr** | **Rs 3377.41 cr** | **Rs 4758.206 cr** | **70.98%** |